प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **अगस्त / August 9, 2021**

सिडबी द्वारा विभिन्न एमएसएमई क्लस्टर विकास केंद्रित पहल की शुरुआत

SIDBI launches various MSME cluster development focused initiatives

- **#समृद्धि के लिए क्लस्टर - सूचना श्रृंखला 1 का प्रकाशन**
  Publishes Information Series 1- #clusters4prosperity

- **5 एमएसई क्लस्टरों में सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत**
  Launches soft infrastructure intervention in 5 MSE clusters

- **एमएसएमई क्लस्टर केंद्रित पहल और सिडबी क्लस्टर विकास कोष के लिए एक विशेष उद्धाग का निर्माण**
  Forms a specialized vertical for MSME Cluster Centric Initiatives and SIDBI Cluster Development Fund

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई इकाइयों) के प्रचार, वित्तपोषण और विकास में संलग्न प्रमुख वित्तीय संस्था, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने अपने विकास की परिधि में क्लस्टर विकास पर केंद्रित विभिन्न पहल शुरू की है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) has launched various Initiatives focused on Cluster Development under its developmental ambit.

सिडबी अपनी क्लस्टर विकास केंद्रित पहलों जैसे प्रौद्योगिकी उन्नयन/आधुनिकीकरण, कौशल/ नया कौशल सिखाने / कौशल उन्नयन / और बाजार से जुड़ाव जैसे समर्थन के माध्यम से एमएसएमई की सहायता करता रहा है। सिडबी की क्लस्टर विकास रणनीति धीरे-धीरे समय के साथ विकसित हुई और अब यह अपने कार्यालयों के माध्यम से 600 से अधिक एमएसएमई क्लस्टरों को कवर करती है और संपूर्ण मूल्य श्रृंखला (सूक्ष्म वित्त, छूटे हुए मध्यवर्ती और लघु और मध्यम उद्यम) का समर्थन करती है। क्लस्टरों के कुछ अनूठे जुड़ावों में 9 राज्यों के 18 समूहों में ईयू स्विच एशिया शामिल हैं तथा क्लस्टरों तक पहुँच बनाने के संदर्भ में 11 राज्यों में

परियोजना प्रबंध इकाई (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट) की स्थापना की गयी है जहाँ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) और राज्य के सहयोग से क्लस्टरों पर जोर दिया जाता है और उत्तर प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद जिलों में शिल्पकार क्लस्टर से भी जुडाव किया गया है।

SIDBI has been supporting MSMEs through its focused Cluster Development Initiatives such as support for technology upgradation/modernization, skilling/re-skilling/up-skilling and market linkages. The Cluster Development Strategy of SIDBI has gradually evolved over a period and it now caters to over 600 MSME clusters through its offices and supports the entire value chain (Micro Finance, Missing Middle and Small and Medium Enterprises). Some of the unique engagements in clusters include EU Switch Asia in 18 clusters of 9 states, cluster outreach program followed by setting up of Project management Unit (PMU) in 11 states with thrust on clusters and state cooperation, State Rural Livelihood Missions (SRLM), artisanal cluster and engagement in One District One Product (ODOP) districts of Uttar Pradesh.

सिडबी एमएसएमई विकास पर नियमित रूप से प्रकाशन, नीतिगत दस्तावेज आदि प्रकाशित करता रहा है। क्लस्टर विकास को बढ़ावा देने के लिए सिडबी ने "क्लस्टर का डायग्नोस्टिक मैपिंग" - हस्तक्षेप के माध्यम से आगे का मार्ग प्रशस्त करना" नामक पहली सूचना श्रृंखला शुरू की है जिसका लोकार्पण श्री देबाशीष पांडा, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के कर कमलों से किया गया । यह पुस्तक एमएसएमई के सतत विकास के निर्माण और समर्थन के उद्देश्य से क्लस्टरिंग रणनीति पर सिडबी के ध्यान केंद्रित करने की शुरुआत का प्रतीक है। यह 30 समूहों में नैदानिक अध्ययनों से निकले निष्कर्षों को संकलित करता है। इसमें वित्तीय और गैर-वित्तीय मुद्दों के लिए सिफारिशें और कार्य योजना, नीति, क्लस्टर और इकाई स्तर पर सुझाए गए हस्तक्षेप शामिल हैं। सिडबी 100 क्लस्टरों का निदान करने और 15 क्लस्टरों में नियोजन की योजना बनाने के लिए तैयार है।

SIDBI has been regularly bringing publication, policy papers etc. on MSME Development. To kindle cluster development SIDBI has, by the hands of Shri Debasish Panda, Secretary, Department of Financial Services (DFS), Ministry of Finance (MoF), Government of India (GoI) launched the first Information Series titled as “Diagnostic Mapping of Cluster- Charting the Path ahead through Intervention”. The book marks the commencement of focused attention of SIDBI on Clustering Strategy aimed towards building and supporting sustainable growth of MSMEs. It compiles the findings that emerged out of diagnostic studies in 30 clusters. It contains recommendations and action plan for financial and non - financial issues, interventions suggested at the policy, cluster and unit level. SIDBI is geared up to undertake diagnostics of 100 clusters and plan engagement in 15 clusters.

इस अवसर पर श्री सिवसुब्रमणियन रमण, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय लघु उद्‌योग विकास बैंक (सिडबी) ने अपने उद्‌गार प्रकट करते हुए कहा कि “सिडबी ने एमएसई क्लस्टर के माध्यम से स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अभिवृद्धि की दृष्टि से

एक बहुआयामी रणनीति चिह्नित कर ली है। हम राज्य सरकारों को वास्तविक बुनियादी ढांचे के समर्थन पर बल दे रहे हैं। वित्तीय सेवाए विभाग, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने सिडबी क्लस्टर डेवलपमेंट फंड की स्थापना में हमें सहयोग प्रदान किया है। साफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का सहयोग बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचों के लिए पूरक का कार्य करेंगे। क्लस्टर विशेषज्ञों के परामर्श के अनुरूप हमने 100 क्लस्टरों के चित्रांकन का कार्य आरंभ कर दिया है, जिससे कि सिडबी और अन्य संस्थाओं द्वारा कार्यान्वयन के माध्यम से क्लस्टरों का सतत विकास संभव हो सके।“

On this occasion, Shri Sivasubramanian Ramann, Chairman and Managing Director, SIDBI said, “SIDBI has identified a multi- pronged strategy to impact local, regional, national and global value chain through MSE clusters. We are giving a thrust to hard infrastructure support to state governments. DFS GoI and Reserve Bank of India have supported us in setting up the SIDBI Cluster Development Fund. The soft infrastructure engagement shall complement the hard infrastructure. In line with cluster experts we have initiated the mapping exercise of 100 clusters such that the implementation by SIDBI and other institutions can lead to sustainable growth of clusters”.

चूंकि क्लस्टर विकास के वर्गीकरण में सामान्यतया साफ्ट और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के पहलू शामिल होते हैं, साफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित पहलुओं के समाधान के लिए सिडबी ने आज 5 क्लस्टरों [पर्यटन क्लस्टर - जम्मू और कश्मीर; दिल्ली-एनसीआर नवोन्मेष क्लस्टर; जोधपुर लकड़ी के फर्नीचर क्लस्टर, संबलपुर वस्त्र क्लस्टर, चेन्नई चमड़ा क्लस्टर] में व्यवसाय विकास सेवा कार्यक्रम से हस्तक्षेप का आरंभ किया है। इस हस्तक्षेप का समग्र महत्तर उद्देश्य क्लस्टर को मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित करने के लिए इसे दृढ़ता प्रदान करना है और अपेक्षित सेवाओं तक एमएसएमई की अभिगम को बढ़ाना है, ताकि संबंधित मूल्य-श्रृंखला में बढ़ोत्तरी हो सके।

Since the typology of Cluster Development generally involves hard and soft infrastructure aspects, to address the Soft Infrastructure aspects SIDBI has launched the Business Development Services Intervention Program in 5 Clusters [Tourism Cluster – Jammu & Kashmir; Delhi-NCR Innovation Cluster; Jodhpur wood furniture cluster, Sambalpur Textile cluster, Chennai Leather Cluster] today .The holistic aim of the intervention is to strengthen Clusters to evolve as model Clusters and also to increase MSMEs’ access to services thus rising up the value chain.

सिड्बी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम

स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in